तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 25 सितंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 बसंत नगर में बैल पर एसिड डालने से सनातन...



14 आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सात ब्लाकों में ...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

### कार्रवाई :दोनों परिवारों का मामला पुलिस के हवाले, जांच के बाद होगी कार्रवाई

# दस्तावेज फर्जी, तहसीलदार ने बंग्लादेशी परिवार के जन्म प्रमाणपत्रों को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इन मामलों का खुलासा प्रशासन की सख्ती और जांच के बाद हुआ। एक मामले में बांग्लादेश से आए एक परिवार ने अपने बेटे के लिए फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश किया। दूसरे मामले में एक महिला ने भी गलत दस्तावेज पेश कर जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने का प्रयास किया।

तहसीलदार ने 7 अगस्त 2025 को प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश भी दे दिया था, परंतु पंचायत से अभी तक जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ था। तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर के द्वारा गलत ढंग से जन्मप्रमाण पत्र जारी करने का मामला उछला, तुंरतु तहसीलदार गाँव पहुँचकर मामले की जाँच किया, जांच के दौरान परिवार के पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट भी मिला, जिससे यह साबित हुआ कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं। इस खुलासे के बाद तहसीलदार ने परिवार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराया है। तहसीलदार ने बताया कि यह परिवार अवैध रूप से भारत में रह रहा था और अब पुलिस इस संबंध में जरूरी कार्रवाई करेगी। एक अन्य मामले में नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड 5 की निवासी मनीषा हिजड़ा नाम की महिला ने भी फर्जी दस्तावेज पेश कर जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। उसने खुद को 1 जनवरी 1980 को पखांजुर में जन्मा बताया। तहसीलदार ने 10 जुलाई को प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया, जिसके बाद 17 जुलाई को नगर पंचायत ने मनीषा का जन्म प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। शिकायत मिलने के बाद जब प्रशासन ने जांच की तो सामने आया कि महिला का भारतीय पासपोर्ट है, लेकिन उसमें उसका जन्म स्थान पश्चिम बंगाल का एक गाँव दर्ज है। जांच में यह भी

▶▶| शेष पेज 12 पर

#### खास बातें

- तहसीलदार ने 10 जुलाई को प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया और 17 जुलाई को नपं ने जन्म प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया



#### थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई

दोनों मामलों का खुलासा होने के बाद तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से दोनों आदेशों को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही फर्जी दस्तावेजों के साथ पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। तहसीलदार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस तरह के अवैध कार्यों में शामिल न हों, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देशभर में बांग्लादेशी नागरिकता और मतदाता सूची की जांच के आदेश के बाद परलकोट क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय पहुँच रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आए वे परिवार भी रहते हैं जिन्हें भारत सरकार ने नागरिकता दी है। लेकिन, इनके अलावा वे परिवार भी हैं जिनके पास भारतीय नागरिकता नहीं है और वे फर्जी दस्तावेजों के सहारे खुद को भारतीय नागरिक साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### बांग्लादेशी परिवार का मामला

सूत्रों की मानें तो ग्राम अनूपपुर पीव्ही-127 निवासी 68 वर्षीय प्रशांत बैरागी और उनके बेटे सुकृति बैरागी साल 2022 में बांग्लादेश से वीजा पर भारत आए थे। उनका वीजा 2023 में ही समाप्त हो गया था, लेकिन वे यहीं रुक गए। प्रशासन को दी गई जानकारी के मुताबिक प्रशांत बैरागी ने अपने बेटे का जन्म 2008 में हुआ दिखाने के लिए फर्जी स्कूल मार्कशीट, पंचायत और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्रमाण पत्र बनवाए। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने पखांजूर तहसील में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है।

# शिकायत पर पंचायत विकासपल्ली के सचिव को कारण बताओ नोटिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

**खबर का असर**

ग्राम पंचायत विकासपल्ली में भ्रष्टाचार और लापरवाही के गंभीर आरोपों के बाद जनपद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क सुधार, बोर खनन और भवन निर्माण जैसे विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये निकाले गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। इस खबर को हरिभूमि समाचार पत्र ने 18 सितम्बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

ग्रामीणों के अनुसार गांव की सड़कें बदहाल हैं, पीने के पानी के लिए कोई बोरिंग नहीं है और भवन निर्माण कार्य भी अधूरे पड़े हैं। ग्रामीण सुकन मंडल, संतोष साना और संजू गाइन सहित अन्य ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव दोनों पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उदय कुमार नाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं और पंचायत सचिव से जवाब मांगा है कि आखिर आवंटित राशि का उपयोग कहां हुआ और विकास कार्य क्यों नहीं हो पाएं है। जनपद पंचायत सीईओ के नोटिस जारी होने के बाद से पंचायत में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की धांधली न हो। सीईओ उदय कुमार नाग ने बताया कि जांच के लिए एक और आदेश जारी किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की जांच बारीकी से किया जाएगा, तभी सही तस्वीर सामने आ पाएगी।

# स्वच्छता की शपथ ली फिर किया पौधारोपण

**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में अधिकारियों-कर्मचारियों, महिला कृषकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता शपथ लेते हुए क्षेत्र की साफ सफाई की गई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही प्रक्षेत्र तथा आस-पास के क्षेत्र में फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही घरेलू एवं प्रक्षेत्र के अपशिष्ठ पदार्थ-फल एवं सब्जियों के छिलके, खराब कागज, खरपतवार इत्यादि से



▶▶| शेष पेज 12 पर

## स्वच्छता पखवाड़े पर ली शपथ व किया पौधारोपण

**कांकेर।** जिले में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र में अधिकारियों-कर्मचारियों, महिला कृषकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता की शपथ लिया। प्रक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्र में फलदार पौधों का वृक्षारोपण भी किया गया। इसके अलावा घरेलू एवं प्रक्षेत्र के अपशिष्ट पदार्थ फल एवं सब्जियों के छिलके, खराब कागज, खरपतवार इत्यादि से जैविक खाद जैसे केचुआ खाद, कम्पोस्ट खाद इत्यादि बनाकर पोषण वाटिका किचन गार्डन में रसायन रहित उच्च गुणवत्तायुक्त सब्जी एवं औषधीय फसलों का उत्पादन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



# आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने पीएम मोदी प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- भाजपा ने किया प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन



सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन शहर के पुराना कम्युनिटी हाल में हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में छग शासन के मंत्री गुरू खुसवंत साहेब व अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन वहीं प्रमुख रूप से विधायमक आशाराम उपस्थित रहे। प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्य वक्ता गुरू खुसवंत साहेब ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां एवं जीएसटी से आम जनमानस के जनजीवन में होने वाले बदलाव को लेकर अपना उदबोधन प्रस्तुत किया। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने भारतीय निर्मित उत्पादों पर जीएसटी की दरें कम की गई है। उन्होने यह भी कहा कि विश्व के सबसे ताकतवर देश द्वारा भारत पर लगाया गया टैरिफ भी भारत के विकास को नही रोक सकता। परिवर्तन के इस दौर में एक नए भारत का निर्माण हो रहा है, जो पड़ोसी देश के प्रायोजित आतंकवाद को आपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाब देने में सक्षम है। भारत की बढ़ती ताकत को पूरी दूनिया स्वीकार कर रही है। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि अब विश्व के किसी भी देश की हिम्मत नही है कि वे भारत की तरफ आंख उठाकर देश सके। कांग्रेस की सरकार में गांव हो या शहर की महिलाओं को शौच जाने के लिए रात होने का इंतजार करना पड़ता था एंव पीने के पानी के लिए हमारी देश की माताएं लंबी कतार में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार करती थी । भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्थ



▶▶| शेष पेज 12 पर

### सांप के काटने से युवती की मौत

**पखांजुर।** बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानपुर का आश्रित पीव्ही 90 निवासी रिया डे का सांप के काटने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को उसके घर में सांप ने काट लिया था। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



### गांधी जयंती पर 2 को शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** गांधी जयंती के अवसर पर आगामी 02 अक्टूबर 2025 को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन उन्होंने जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है। शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने हेतु जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किए हैं।

### 10वीं-12वीं के परीक्षा फार्मों का वितरण

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के द्वारा नवंबर में आयोजित होने वाले 10वीं एवं 12वीं की मुख्य अवसर परीक्षा के फॉर्म जिले के समस्त अध्ययन केदो में वितरित किए जा रहे हैं। नवंबर में आयोजित होने वाली परीक्षा में ऐसे विद्यार्थी जो ओपन परीक्षा में पूरक की पात्रता अथवा माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं 12 वीं में अनुत्तीर्ण हो गए हैं। वह ओपन परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444



लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर

लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर

लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

## खबर संक्षेप



### ग्राम कंडेल में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम कंडेल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत आंवरी के आश्रित ग्राम कंडेल में आंगनबाड़ी परिसर, प्राथमिक शाला परिसर, सद्भावना भवन परिसर का साफ-सफाई किया गया और स्वछता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से ग्राम पंचायत आंवरी के सरपंच जय प्रकाश गावड़े, रोजगार सहायक, सचिव, उपसरपंच और महिला समूह की महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हानपतरी में 11 को राज्य स्तरीय डांस को स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम हानपतरी स्थित टांगरा मुदिया खेल मैदान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता अब 11 अक्टूबर शनिवार को आयोजित होगी। यह कार्यक्रम जेबीडी क्रिकेट क्लब हानपतरी के तत्वावधान में किया जा रहा है। पूर्व में यह प्रतियोगिता 20 सितंबर को निर्धारित थी।

### ग्रामीण ने फांसी लगा दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 5 निवासी 63 वर्षीय सुनील मिस्त्री ने अज्ञात कारणों के चलते 23 सितंबर को सुबह 4 बजें फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पीव्ही 5 निवासी 44 वर्षीय असीम मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने घर के कमरे में धोती का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। आत्महत्या का कारण अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जिले में अब तक 1179 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 1179.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 1553.7 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 857.4 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 1470.8 मिलीमीटर, चारामा तहसील में 1057.1 मिलीमीटर, अंतागढ़ में 1264, पखांजूर में 1038.8 नरहरपुर में 884.7, सरोना में 878.7 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 1387.9 मिलीमीटर, कोयलीबेड़ा तहसीली में 1456.8 और बांदे तहसील में 1193.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में सरोना तहसील में सबसे अधिक 11.7 मिलीमीटर और कांकेर तहसील में सबसे कम 2.8 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### मधुमक्खियों काटने से बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत पड़गाल निवासी 75 वर्षीय मंगली बाई कुमेटी को मधुमक्खी ने काट लिया था। इलाज के दौरान उनका मौत हो गया। पड़गाल निवासी 36 वर्षीय सोमाराम कुमेटी ने पुलिस को बताया कि मृतिका 21 सितंबर को अपने खेत में काम करने के लिए जा रही थी। रास्ते में मधुमक्खी ने काट लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

पेज 11 के शेष...

### दस्तावेज फर्जी...

पता चला कि मनीषा 2015 में पखांजूर आई थी और उसने जन्म प्रमाण पत्र के लिए जो दस्तावेज पेश किए थे, वे सभी फर्जी थे।

### स्वच्छता की शपथ...

जैविक खाद जैसे केचुआ खाद, कम्पोस्ट खाद इत्यादि बनाकर पोषण वाटिका - किचन गार्डन में रसायन रहित उच्च गुणवत्ता युक्त सब्जी एवं औषधीय फसलों का उत्पादन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### आत्मनिर्भर भारत...

बन चुकी है। भारत अब भारत में निर्मित उत्पादों का आयात-निर्यात डालर नही रूपयों मे करता है। पीएम मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को उंचाईयों पर पहुँचा दिया है। आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**समारोह : संघ को मजबूत बनाने के लिए एकता जरूरी**

# विधायक ने बीपीएस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी निभाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



सामुदायिक भवन प्रांगण में रविवार को भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी रहें। सबसे पहले तहसीलदार सुरेंद्र उर्वासा ने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इनमें अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींडसा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर, सचिव भूपेंद्र सिंह सिद्धू, कोषाध्यक्ष सुशांत पवार एवं सहसचिव हिमांशु संचेती शामिल हैं। शपथ के उपरांत अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींढसा ने कहा चुनावी प्रक्रिया में चाहे जैसी परिस्थितियाँ बनी हों, अब सभी मिलकर संघ को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। साथ ही संघ व सदस्यों की हर समस्या का सामूहिक रूप से समाधान किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा भानुप्रतापपुर परिवहन संघ बस्तर संभाग का दूसरा सबसे बड़ा संघ है, जिसकी स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी। इस संघ से हजारों लोग अपने जीवन-यापन से जुड़े हैं। संघ की एकता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिससे सभी समस्याओं का समाधान संभव है। संघ के सदस्यों से समाज व जनहित के कार्यों में भी सक्रिय योगदान देने की बात कही। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा परिवहन से हजारों लोगों की जीवन जुड़ा है। साथ संघ के द्वारा अंचल के लिए जनहित भी उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। संघ आगे और भी मजबूती के साथ के साथ और एकता के साथ काम करते रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, पूर्णचन्द्र पाढ़ी, सुनील पाढ़ी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, चन्द्रमौली मिश्रा, हरनेक सिंह औजला, हेमन्त ध्रुव, राजकुमार दुबे, लक्ष्मीकांत ठाकुर, शिवशरण द्विवेदी, शरनजीत, सुनाराम तेता, निर्मला कावड़े, डिगेश खापर्डे, गोलू गजेंद्र सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# महिला उत्पीड़न निवारण समिति ने चलाया जागरूकता अभियान



हरभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में गठित महिला उत्पीड़न निवारण समिति के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य निर्देशन में महिला उत्पीड़न निवारण जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें कहा गया कि स्त्री और पुरूष दोनों समान है। साथ ही साथ एक दूसरे के सहयोग से हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकते है, जरूरत है नैतिक मूल्यों की। महिला उत्पीड़न समिति के उद्देश्य को विद्यार्थियों के मध्य सांझा करते हुए कहा कि महाविद्यालय हमेशा छात्राओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिये कृत संकल्पित है। उत्पीड़न पारिवारिक, सामाजिक और शैक्षणिक किसी भी स्थान में हो सकता है महिलाओं के पास वह शक्ति होती है कि वह जान सकती है कि लोंग उन्हे किस रूप में देख रहे। वर्तमान परिवेश में हम एक कल्पनाशील जिंदगी जी रहे है जो वास्तविकता से मीलों दूर हैं। अगर किसी के साथ दुर्व्यवहार होता है तो उनको रोकने के लिये जागरूकता और सर्तकता आवश्यक होता है और अपनी बातों को परिवार, मित्र मंडली या प्राध्यापकों के समक्ष रख सकते है। उत्पीड़न को रोकने के लिए में खुद ही प्रयास करने होगे। डॉ. अनुपमा पटेल, सहा. प्राध्यापक विधि विभाग ने कहा कि उत्पीड़न तीन प्रकार के होते है। शरीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार प्रताडित करते है तो उनके लिए कानून बना है। हम विधिक प्रक्रियाओं के द्वारा उत्पीड़न को रोक सकते है। डॉ. व्हीके रामटेके ने जागरूक करते हुए कहा कि आजकल साइबर अपराध बढ़ गया है। जिनके माध्यम से ब्लैक मेल होता है लोग जाने अनजाने में इसमें फस जाते है। आप अपने सूझबूझ के द्वारा अपना बचाव कर सकते है। डॉ. आशीष नेताम ने कहा कि स्त्री और पुरूष दोनों प्रताड़ति हो सकते है। इसलिए दोनों अपने आपकों सुरक्षित रखने का प्रयास करे। रेड रिबन क्लब इनके साथ-साथ एड्स के संदर्भ में भी जानकारी प्रदान की। प्रो. ऋचा सगने द्वारा ने कहा विद्यार्थी का कर्तव्य है शिक्षा प्राप्त करना। पढ़ाई में ही अपना पूरा ध्यान केनद्रित करें। मन के भटकाव पर नियत्रंण रखें।

# डांगरा में विद्यार्थियों को पुस्तकें व कर्मचारियों को ड्रेस वितरित



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डांगरा में शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने हेतु एक प्रेरणादायी पहल की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा तथा कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों को एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें अपने निजी व्यय से वितरित की गईं। पुस्तक वितरण के दौरान सरपंच रामुला नरेटी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चे प्रतिभा से परिपूर्ण हैं और आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन एवं सहयोग की है। आशा व्यक्त की कि गाँव से अधिक से अधिक विद्यार्थी इन प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट विद्यालयों में अध्ययन करें और आगे चलकर ऊँचे पदों पर चयनित होकर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र नरेटी ने कहा कि पूर्व में ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी रही, जिसके कारण क्षेत्र के बच्चे अच्छे विद्यालयों में चयनित नहीं हो पाते थे। किंतु पिछले कुछ वर्षों से शिक्षकों की मेहनत और सतत तैयारी के परिणामस्वरूप अब हमारे विद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा, नवोदय, एकलव्य और प्रयास आवासीय विद्यालय जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं। उन्होंने पालकों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि सभी मिलकर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करें, ताकि आने वाली पीढ़ी बेहतर भविष्य का निर्माण कर सके।



### सतनामी समाज ने किया आरके कुर्रे का स्वागत

**पखांजुर।** सतनामी समाज पखांजुर-कोयलीबेड़ा के समस्त साथियों की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके कुर्रे का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता, एक कलम और एक डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के लोगों ने 18 दिसंबर को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान सामाजिक एकता, कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करने और सरकारी योजनाओं का उचित लाभ उठाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। सभी ने बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजकुमार जांगड़े, चतुर्वेदी, बीएस कुर्रे, मुकेश जांगड़े, द्वारिका, कोमल कुर्रे, धर्मदास जोशी, विमल जांगड़े और ज्योति प्रकाश भारती सहित कई अन्य साथी उपस्थित रहें।

# बस्तर सेना दुर्गोत्सव में आज भक्ति व हास्य के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



बस्तर सेना दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्र एवं दुर्गोत्सव को लेकर कार्यक्रमों की श्रृंखला घोषित की गई है। समिति के संरक्षक एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में तय इस आयोजन में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का विशेष रंग दिखाई देगा। समिति के अनुसार 25 सितम्बर को कार्यक्रमों की शुरुआत कामता प्रसाद जी कुडेरादादर की भक्ति एवं हास्यमयी प्रस्तुति से होगी। 26 सितम्बर को संबलपुर सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण से गढ़ बाँसला माई दंतेश्वरी मंदिर तक चुनरी पद यात्रा निकाली जाएगी। 27 सितम्बर को पंचमी के अवसर पर विशेष भोग, श्रृंगार, महाप्रसादी एवं देव खेल का आयोजन होगा। 28 सितम्बर को सुबह 9 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा अपनी प्रस्तुति देगी। 30 सितम्बर को अष्टमी पर पूर्णाहुति दोपहर 12 बजे संपन्न होगी और रात्रि 9 बजे से किशन साहू (नागपुर) का भव्य जगराता आयोजित होगा। 1 अक्टूबर को महाभंडारा एवं विसर्जन पाठ रखा गया है। 2 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से विसर्जन होगा। वहीं रात्रि 8 बजे रावण दहन और 9 बजे से सुर सरोवर छत्तीसगढ़ी लोक कला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन के संरक्षक के रूप में अनीता रावटे, गिरजा देवी साहू, अनीश मिश्रा, राकेश तिवारी एवं छगन लाल सोनी हैं और अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गौरव चोपड़ा को दी गई। समिति ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश भी देगा।

# स्कूल निर्माण में अनियमितताओं की जांच के लिए एसडीएम को ज्ञापन



**पखांजुर।** ग्राम पंचायत बैकुण्ठपुर के वार्ड पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजुर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा को पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितताओं की जांच करने ज्ञापन सौंपा है। पंचों ने आवेदन प्रस्तुत कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में स्वीकृत तीन कमरों के निर्माण कार्य में हुई वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। पंचों के अनुसार वर्ष 2020-21 में लोक शिक्षा संचालनालय द्वारा इन कमरों के निर्माण के लिए 23.59 लाख रुपएं की राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें से वर्तमान सरपंच और सचिव ने वर्ष 2022-23 और 2024 के दौरान 9 लाख 43 हजार 600 रुपएं का आहरण किया। हालांकि निर्माण कार्यों का मूल्यांकन केवल 1 लाख 96 हजार 866 रुपएं का हुआ है, जिससे 7 लाख 46 हजार 734 रुपएं की राशि का हिसाब नहीं मिल रहा है। पंचों ने इस शेष राशि की तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया गया है और निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई है। यह मामला अब अधिकारियों के संज्ञान में है और आगे की कार्रवाई की उम्मीद है।

# काउंसिलिंग के बाद शाला त्यागी बच्चों की हुई वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



जिला प्रशासन कांकेर द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लंबे समय से अनुपस्थित, शाला-त्यागी और अप्रवेशी विद्यार्थियों को पुनः स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग से यह पहल अब अभूतपूर्व परिणाम दे रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति बढ़ते उत्साह से पालक अब शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शाला-त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने का कार्य और सरल हो गया है। पालकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे बच्चों के अध्ययन और स्कूल के विकास कार्यों में सहभागी बनें। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय डांगरा के छात्र सूर्य प्रकाश नरेटी को स्कूल लाने में ग्राम के जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने विशेष पहल की। सरपंच रमुला नरेटी, वार्ड पंच बिसाय नरेटी और प्रधान पाठक कमला नरेटी ने पालक से मिलकर अनुरोध किया, जिसके बाद बच्चे ने पुनः स्कूल जाना शुरू किया।

### बाइक की ठोकर से युवक की मौत के बाद रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम गोयंदा बारात गए युवक बाइक की ठोकर से घायल हो गया व इलाज के दौरान मौत हो गया। मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि 28 अप्रैल को मृतक गोंदा निवासी राकेश कुमार साहु शादी में बारात गया था तथा ग्राम गोयंदा में सीसी रोड रोड किनारे खड़ा था। शाम करीबन साढ़े 7 बजें मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 0360 के चालक दिनेश कुमार टांडिया ग्राम सिवनी की ओर से तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आ रहा था। सीसी रोड किनारे खड़े राकेश कुमार साहू को सामने से ठोकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से राकेश कुमार साहू नीचे रोड पर गिर गया। सिर पर गंभीर चोट लगा, जिसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। इलाज के दौरान 1 मई को राकेश कुमार साहु का मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 0360 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



# आंवरी स्कूल एप्रोच रोड कच्ची और जर्जर होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



ग्राम पंचायत आंवरी में हाई स्कूल जाने वाला मार्ग कच्ची और जर्जर होने के चलते स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओ, शिक्षको सहित ग्रामीणो को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही कच्ची मार्ग मे बना पुल भी घसने लगा है। पुल के बीचो बीच पुल टुट चुका है। जो कभी भी किसी बडे हादसे को बुलावा दे सकता है।

आंवरी में हाईस्कुल जाने वाला मार्ग में किसी भी प्रकार की रोशनी की व्यवस्था नही है ऐसे में रात मे इस मार्ग में किसी हादसे का अंदेशा बना हुआ है। हांलाकि ग्रामीणो के द्वारा मार्ग में हाईस्कुल बनने के बाद से कई बार मार्ग में सीसी सड़क या डामरी सड़क बनाने की मांग सरपंचो के माध्यम से शासन प्रशासन से की जा चुकी है। उक्त मार्ग के लिए शासन की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। कच्ची मार्ग होने के चलते बारिश के दिनो मे उक्त मार्ग से गुजरना दुभर रहता है। मार्ग मे कच्ची मिट्टी के चलते वाहन अक्सर अनियत्रित होकर अन बेलेस होते रहते है। इस संबंध में वर्तमान सरपंच जय प्रकाश गावड़े से पुछने पर उन्होने बताया कि मेरे द्वारा जनपद एव जिला स्तर पर उक्त मार्ग के पक्कीकरण के लिए आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन शासन प्रशासन की ओर से पंचायत की इस मांग पर अभी तक कोई स्वीकृति प्राप्त नही हुई है। मार्ग के निर्माण हेतु फिर से जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर मांग रखी जाएगी।

# 33 वीं वाहिनी ससीब केवटी ने पशुचिकित्सा शिविर किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



सशस्त्र सीमा बल केवटी अपने जवाबदारी क्षेत्र में समय-समय पर ग्रामीणों के दिल और दिमाग को जीतने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के नागरिक कल्याण कार्यक्रमों एवं लाभकारी योजनाओं से जनता को जानकारी देकर उनकी सहायता कर रही हैं। 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी एवं पशुचिकित्सालय, भानुप्रतापपुर के सहयोग से 24 सितंबर को ग्राम भीरागांव में पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव के सरपंच, सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहें। शिविर में डॉ. पंकज कुमार तेवतिया, उप डॉ. पूर्णिमा फरदिया, पशुचिकित्सक भानुप्रतापपुर के द्वारा ग्राम भीरागांव के स्थानीय नगारिकों के 419 पशुधन गाय, बकरी, मुर्गी, बैल इत्यादि का इलाज कर उनको निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही पशुचिकित्साकों के द्वारा ग्रामीणों को घरेलू पशुओ में वर्षाकाल में होने वाले बीमारी, बचाव एवं देखरेख के बारे में बताया गया। साथ ही पशुओं से संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के विषय के बारे में भी बताया गया। ग्रामीणों के द्वारा शिविर में बढ़चढ़ भाग लिया और अपने पशुधन को शिविर में लेकर आये। ग्रामीणों ने 33वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, केवटी के इस कार्यक्रम को बहुत सराहा और भविष्य में भी इसी तरह का शिविर लागने का आग्रह किया।



### दुर्गूकोंदल में दिनभर रुक-रुककर बारिश से परेशान

**दुर्गूकोंदल।** अंचल में मंगलवार सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। दिनभर में 9.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अब तक दुर्गुकोदल क्षेत्र में कुल 1553.7 मिमी बारिश हो चुकी है। लगातार हो रही वर्षा से जहां एक ओर मौसम सुहावना बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता भी बढ़ती जा रही है। खेतों में अधिक पानी भरने और मौसम अनुकूल न रहने से धान सहित अन्य फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। खासकर कटाई के नजदीक पहुंची फसलों पर बेमौसम बारिश का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण इलाकों में पानी जमा होने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

# विज्ञान सभा ने सेवानिवृतों का पौधा बडिंग ग्राफ्टिंग देकर किया सम्मान



**कांकेर।** जन विज्ञान केंद्र मुड़पार-सरोना में वैज्ञानिक सोच के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अनुपम जोफर और उद्यान अधीक्षक तथा पौधों में बडिंग ग्राफ्टिंग के विशेषज्ञ आरबीएस बघेल का दीर्घकालीन शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने कहा कि अनुपम जोफर अपने नाम के अनुरूप अनुपम है। दुनियां का कोई भी व्यक्ति यदि उनके पास अपनी कोई समस्या लेकर आ जाए तो वे सहर्ष उनकी समस्या को सुलझाने के लिए पूरे मन से भीड़ जाते हैं। जिले ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में अनेक लोग इस बात के गवाह है कि वक्त जरूरत अनुपम ने किस प्रकार उनकी सहायता की है। यही वजह है कि लोग अनुपम से इतना अधिक प्यार करते हैं। उनका शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना आम लोगों के आगे बढ़ने के लिए नए आयाम सृजित करेगा। दूसरी ओर ग्राफ्टिंग और बडिंग विशेषज्ञ आरबीएस बघेल ,हैं जिनके हाथों से संवारे गए आम, नींबू, अमरूद, कटहल जैसे लाखों फलदार पौधे, सुगंधित फूलों के पौधे और जड़ी बूटियों औषधीय गुण वाले पौधे पूरे जिले के गांव गांव में शोभा बढ़ा रहे हैं। वे सेवानिवृत होकर भी धरती को सुंदर बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं। विज्ञान सभा के संयुक्त सचिव ने इस अवसर पर एक जन गीत सुना कर सबका मन मोह लिया।

खबर संक्षेप

## नगर पालिका व जवानों ने चलाया सफाई अभियान



बीजापुर। स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत बीजापुर के साप्ताहिक बाजार में नगर पालिका की टीम जनप्रतिनिधियों पार्षदगण और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और साफ-सुथरे वातावरण का महत्व समझाना था। नगर पालिका कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों व जवानों ने बाजार क्षेत्र की सफाई की, कूड़ा-कचरा हटाया और दुकानदारों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्वच्छता से जुड़े स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित भी किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशीलाल नुरेटी कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल सफाई होती है, बल्कि लोगों की मानसिकता में भी सकारात्मक बदलाव आता है।

## एनसीसी कैडेटों ने की जल निकाय की सफाई



भोण्ड। एक छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल सी दास गुप्ता एवं सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर पुनीत सागर अभियान जल उत्सव एवं विश्व नदी दिवस का आयोजन 24 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर बस्तर संभाग के महाविद्यालय विद्यालय के 147 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। जिसमें जगदलपुर दलपत सागर जल निकाय एवं कोंडागांव बदा तालाब की वृहद साफ सफाई और रैली निकाल कर जन समुदाय को जागरूक किया। इस अवसर पर पीआई स्टाफ, एएनओ और सिविल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इस बार शारदीय नवरात्रि 10 दिनों की होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़



नवरात्रि की शुरुआत सोमवार से हो गई है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है और हर दिन का अपना एक विशेष महत्व होता है। यह नौ दिन का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी। देवी का गजवाहन आगमन सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है और मां दुर्गा भक्तजनों के कंधे यानी नरवाहन पर सवार होकर इस बार विदा होंगी। इस बार शारदीय नवरात्रि 10 दिनों की होगी। इस बार चतुर्थी तिथि दो दिनों तक रहेगी जिस कारण नवमी 1 अक्टूबर को होगी और 2 अक्टूबर को दशहरा यानी विजयादशमी मनाई जाएगी। माता के नव रूपों में 22 सितंबर प्रतिपदा शैलपुत्री मां की पूजा, 23 सितंबर द्वितीया ब्रह्मचारिणी मां की पूजा, 24 सितंबर तृतीया चंद्रघंटा मां की पूजा, 25 सितंबर चतुर्थी कूष्मांडा मां की पूजा, 26 सितंबर पंचमी स्कंदमाता मां की पूजा, 27 सितंबर षष्ठी कात्यायनी मां की पूजा, 28 सितंबर सप्तमी कालरात्रि मां की पूजा, 29 सितंबर अष्टमी महागौरी मां की पूजा व 30 सितंबर नवमी सिद्धिदात्री मां की पूजा की जाएगी।

# मावली माता युवा समिति ने किया श्रद्धालुओं की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा के श्रद्धालु एवं हजारों भक्तों की सेवा में जय मां मावली माता युवा समिति कुंदालगांव के युवा, बुजुर्ग एवं माताएं व बहनें निस्वार्थ भाव से जुटे हुए हैं।

समिति द्वारा सैकड़ों की संख्या में माता के दर्शन हेतु जाने वाले पदयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, फल-फ्रूट एवं रात्रि विश्राम की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति ने दिन-रात सेवा कार्य करते हुए माता के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और आस्था का परिचय दिया है।

इस अवसर पर पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों ने भी समिति को सहयोग प्रदान किया। समिति के सदस्य पूरी श्रद्धा एवं सेवा भाव से माता के दरबार में आने वाले



श्रद्धालुओं की सेवा में लीन होकर भक्ति और आस्था की मिसाल पेश कर रहे हैं।

# विधायक ने डिमरापाल से बास्तानार तक सुविधा केन्द्रों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने बुधवार को डिमरापाल से मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु बास्तानार की ओर पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए पंडालों, सुविधा केंद्रों एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्वयं श्रद्धालुओं के साथ समय व्यतीत करते हुए

- दवाओं की उपलब्धता, प्राथमिक चिकित्सा की तैयारियों व एम्बुलेंस सेवाओं की ली जानकारी

उनके अनुभवों को जाना तथा उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। यह धार्मिक पदयात्रा बस्तर अंचल की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु पैदल यात्रा करते हैं। इस वर्ष की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु विभिन्न स्थानों पर विश्राम एवं चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। निरीक्षण



के दौरान विधायक गोयल ने हर सुविधा केंद्र पर ठहरकर वहां की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ से बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता, प्राथमिक चिकित्सा की तैयारियों एवं एम्बुलेंस सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक केंद्र पर पीने के पानी, साफ-सफाई एवं रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो। श्रद्धालुओं के साथ भोजन करते हुए गोयल ने कहा, यह यात्रा हमारी संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की सेवा करना हम सभी का धर्म है।

प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं, लेकिन आवश्यकता होने पर हरसंभव सुधार भी किए जाएंगे। गोयल ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखें, एक-दूसरे की मदद करें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए श्रद्धा और शांति से अपनी यात्रा पूरी करें।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने पदयात्रियों को फल, बिस्किट,चाय, पेयजल किया वितरित



दंतेवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शारदीय नवरात्री के उपलक्ष्य में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु दंतेवाड़ा आ रहे श्रद्धालु पदयात्रियों को भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा द्वारा भाजपा कार्यालय के बहार सेवा हेतु चौपाल लगाकर निशुल्क भोजन,पेयजल,नमो टी स्टाल में चाय एवं बिस्किट तथा फल वितरित किया गया। भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा दंतेवाड़ा अध्यक्ष एवं पार्षद धनसिंग नाग ने बताया की विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के निर्देशानुसार आज दंतेवाड़ा अनुसूचित जाती मोर्चा द्वारा पदयात्रियों को सेवा दिया जा रहा है साथ ही धनसिंग नाग ने क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्री के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर,राजेश बोरबन, कमल ठाकुर, परमेन्द्र यादव, आनन्त कश्यप, तुलसी राम नाग, सुरेंद्र नाग, दिनु राम नाग, राजेश बघेल, दलीराम नाग, बचेली मंडल से नरेश चौहान, वेणु प्रसाद, अरेन्द्र सहदेव, सोना, दिनेश अनिल खुरा, विजय पुनेम, अमित मौर्या, अरुण नाग, प्रफुल अटामी, सुमित मौरिया, रविशंकर अटामी, रवि समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मांई के दर्शन के लिए बढ़ रहा पदयात्रियों का हुजूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शारदीय नवरात्र के अवसर पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में पदयात्री नंगे पांव मंदिर जा रहे हैं। पदयात्रियों के चलते जगदलपुर से गीदम, गीदम से दंतेवाड़ा मार्ग में विशाल रैली जैसा नजारा दिखाई दे

- नगर के मुख्य मार्ग पर दिन रात नजर आ रही है चहल पहल

रहा है। इस वर्ष उत्तर बस्तर कांकेर से लेकर कोंडागांव, जगदलपुर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा व अन्य अंदरूनी क्षेत्र से पदयात्री मां दंतेश्वरी के दर्शन करने पहुंच रहे है। इनको देखते हुए जिला प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा पदयात्रियों की सुविधाओं के लिए सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां पदयात्रियों के लिए चाय, नाश्ता के साथ-साथ भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके साथ ही उन्हें ठहरने और आवश्यक इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी दी जा रही है। लोगों के द्वारा पदयात्रियों की हर सम्भव सहायता की जा रही है। पदयात्री भी अपने जख्मो को नजर अंदाज कर मां के दर्शन के लिए अपनी आस्था प्रकट करते हुए मां का जयकारा लगाते हुए चलते ही जा रहे हैं। आने वालों दो-तीन दिनों तक पदयात्रियों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है। पदयात्रियों की भीड़ को देखते हुए वाहन चालकों को भी जगदलपुर से गीदम और गीदम से दंतेवाड़ा मार्ग में आवश्यक एतिहात बरतना चाहिए।

# विज्ञान और गणित हमारे जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार



राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

इस अवसर पर संकुल के अंतर्गत सभी माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों से गणित एवं विज्ञान विषयक प्रश्न पूछे गए तथा विज्ञान के महत्व को विस्तार से समझाया गया। कई प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने स्वयं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल भी प्रदर्शित किए। जिन्हें मुख्य अतिथियों एवं निर्णायक मंडल ने देखा और उनकी सराहना की। प्रतिभागियों को उनके मॉडल एवं प्रदर्शन के आधार पर अंक प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति कुआकोंडा दीपिका भदौरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह भदौरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह राठौर एवं खंड स्त्रोत समन्वयक रत्तू राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान और गणित हमारे जीवन का आधार हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में जिज्ञासा, नवाचार और खोज की भावना का विकास होता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग करने तथा देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। विकासखंड स्तरीय यह आयोजन बच्चों के लिए सीखने का अद्भुत अवसर साबित हुआ और वातावरण उत्साह,ज्ञान एवं विज्ञान की जिज्ञासा से सराबोर रहा।

# कविता समाज के विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम : महापौर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर राज्य युवा आयोग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में बस्तर संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महापौर संजय पांडे ने कहा,कविता समाज के विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में साहित्य और संस्कृति के प्रति गहरा उत्साह पैदा करती हैं।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेमेंसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, डिप्टी कलेक्टर नंदनी साहू, एडीपीओ जयंती कश्यप सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए युवा कवियों ने अपनी मौलिक और प्रेरणादायी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुत कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, युवा सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य जैसे विषय प्रमुख रहे, जिन पर श्रोताओं ने खूब सराहना की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोज राज साहू (जिला बस्तर), द्वितीय स्थान गरिमा शर्मा, और तृतीय स्थान श्रीवर ठाकुर (बस्तर) ने प्राप्त किया। ये तीनों विजेता अब 4 अक्टूबर को रायपुर में होने वाली राज्य स्तरीय युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# 128 ग्रामों की समस्याओं का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

कोंटा ब्लॉक के धुरनक्सल प्रभावित क्षेत्र डब्बाकोंटा में जिला प्रशासन द्वारा चार दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित की गई है। सुकमा ज़िले के दूरस्थ एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को शासन के योजनाओं का लाभ दिलाने के

- महिला आयोग सदस्य दीपिका पहुंची डब्बाकोंटा

उद्देश्य से आयोजित किए गए इस शिविर से हजारों ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा। ज्ञात हो कि पूर्व की समस्यों से निजात पाते हुए शासन इस क्षेत्र को पटरी पर लाने लगी हुई है।

लगातार सुरक्षा बलों के नवीन कैंपों के स्थापित होने बाद अब शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने की कवायद भी तेज हो गई है। वहीं नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चयनित 128 ग्राम पूरी तरह से पहुंच में आ चुके हैं और सुरक्षा कैम्पों के



अधीन हैं। इन्हीं 128 ग्रामों के ग्रामीणों को शासन का संदेश देने धुर नक्सल प्रभावित ग्राम डब्बाकोंटा पहुंच छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 22 से 25 सितम्बर तक ग्राम पंचायत डब्बाकोंटा, सिंगाराम, बड़ेकेड़वाल, बुर्कलंका, गोलापल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ पंचायतों को लाभान्वित करने के लिए चार दिवसीय शिविर आयोजित की गई है। शिविर में शासन के अनेक विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की मौजदूगी में ग्रामीणों को आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग सहित सभी योजनाओं से लाभान्वित करने की कौशिश जारी है। सुश्री दीपिका शोरी ने शिविर में पहुंच ग्रामीण से रुबरू होते हुए क्षेत्र का जायजा लिया और सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजना शासन की बहुत ही महती योजना है।

इससे आने वाले समय में आपके गाँव के समस्त दुःख दर्द दूर होने वाले हैं। इसलिए आप सभी अधिक से अधिक संख्या में आकर इसका लाभ लें व किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो मुझसे संपर्क करें।

# घोठा स्कूल का बीईओ ने निरीक्षण करके सर्वांगीण विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संकुल केन्द्र घोठा के अंतर्गत माध्यमिक शाला घोठा और बालक आश्रम घोठा का निरीक्षण किया। इस दौरान मध्यान्ह भोजन मीनु पर विस्तृत जानकारी रसोईया एवं शिक्षकों को दिया गया।

बीईओ एसएस कोमरे निरीक्षण के दौरान भोजन पकाने एंव परोसने के स्थान पर स्वच्छता बनाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मध्यान्ह भोजन, पंजी, चखना पंजी, शिक्षक दैनंदिनी पाठकान पंजी आदि का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोठा के 10 वी और 12 वी के छात्र-छात्राओ को प्रोत्साहित किया।

बीईओ ने प्रत्येक बच्चो को लक्ष्य बनाकर मेहनत से उसे हासिल करने की सीख दी। शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए। बच्चों के मन से परीक्षा का भय दूर करने का प्रयास होना चाहिए, बच्चो से मित्रवत व्यवहार रखे जिससे बच्चे खुलकर अपनी समस्याओं को सामने रख सके। इस दौरान संकुल प्राचार्य सीबी वाल्मिकी, संकुल समन्वयक जागेश सलामे एवं तीनों संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## पीएम मोदी की जीवनी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखे भाजपाई

कांकेर। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के अव्हान पर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उक्त तारतम्य में नरेन्द्र मोदी कि जीवनी पर डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन कांकेर शहर के सिटी सेन्टर मॉल के सिने वर्ल्ड, मल्टीप्लेक्स में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन उपस्थित रहें। कार्यक्रम में कांकेर विधानसभा के पांच मंडल सरोना, नरहरपुर, धनेलिकन्हार, कांकेर शहर एवं कांकेर ग्रामीण सहित चारामा व कोरर मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित अन्य प्रबुद्धजन की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सुमित्रा मारकोले, अरुण कौशिक, उत्तम यादव, पूर्णिमा कावड़े, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, देवेन्द्र सिंह भाऊ, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, डॉ देवेन्द्र कुमार साहू, कमलेश उसेण्डी, सपन श्रीवास्तव, तनुज ठाकुर, सितंवर कावड़े, विजयलक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, चित्ररेखाजैन, मंजू सारथी, बृजमोहन तिवारी, द्वारिका साहू, घनेन्द्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, सुरेश जैन, बलराम साहू उपस्थित रहे।

## जीएसटी लड्डू बांटकर वाहवाही लूट रही भाजपा भूख और कर्ज से जूझ रहे किसानः हेमराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जनपद पंचायत बस्तर के जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आज किसान और आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त हैं।



यूरिया खाद की वास्तविक कीमत 266 रुपये प्रति बोरी है, लेकिन खुले बाजार में यह 1000 रुपये तक में बिक रही है। यह किसानों का खुला शोषण है, जिसे रोकने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

उन्होंने तंज कसा कि जब किसान खाद की बोरी खरीदने के लिए परेशान हैं, कर्ज और महंगाई से जूझ रहे हैं, उसी समय भाजपा के जनप्रतिनिधि जीएसटी पर छूट का ढोल पीटकर मिठाई और लड्डू बांट रहे हैं। यह किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। बघेल ने कहा कि बस्तर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में किसान पहले से ही प्राकृतिक आपदाओं, इंद्रावती नदी के सूखने, सिंचाई की कमी और बाजार की लूट से जूझते रहते हैं।

# नवाखानी त्यौहार आदिवासियों के जीवन का एक अभिन्न अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर ब्लॉक के करन्दोला में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भानपुरी के द्वारा गायता जोहारनी नवाखानी जुहार भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आमाबाल परगना और केशरपाल परगना के सभी गाँव के पुजारी, पटेल, समाज के प्रमुख, पदाधिकारी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के समाज के लोग सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत करन्दोला के माटी पुजारी के द्वारा गांव की जिम्मेदारीन आया, गुण्डाधुर, झाडा सिरहा, जकरकन भतरा, बिरसा मुंडा और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर सेवा अर्ज़ी कर हुई। चिवड़ा गुड़ और नवा धान की





बालियां को ग्राम की जिम्मदारीन आया को भेंट कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। विभिन्न ग्रामों से आए समाज के पुजारी पटेल एवं बुद्धिजीवियों ने समाज के लोगों को रीति नीति और तीज त्योहारों के बारे में जानकारी दी। बुद्धिजीवियों ने बताया कि नवाखानी त्योहार आदिवासियों के जीवन को एक अभिन्न अंग है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति योजना के लिए 25 तक मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र-2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यवसायिक संस्थानों जैसे आईईटी, एनआईटी, एमबीबीएस, आईआईएम, एएलएलएमएस, एनएलयू में चयन उपरांत प्रवेश के लिए तत्कालीन सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। इस योजनांतर्गत जिले के पात्र विद्यार्थियों से 25 अक्टूबर तक पंजीकृत डाक अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कांकेर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### घुड़सवारी प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कांकेर।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वृहद खेल परिसर सिंगारभाट स्थित मैदान पर हार्स राईडिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके लिए पंजीयन प्रारंभ है, जो पूर्णतः निःशुल्क है। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। प्रशिक्षण उपरांत राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विभिन्न हार्स राईडिंग (घुड़सवारी प्रशिक्षण) प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में सहायक क्रीड़ा अधिकारी अनिल कुमार दहिवले तथा जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### महिला ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत सुलेंगी निवासी 29 वर्षीय सुखियारिन बाई ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुलेंगी निवासी 36 वर्षीय देवसिंह पोटाई ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 23 सितंबर को दोपहर 3 बजे आवासपारा के घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका ने फांसी क्यो लगाई यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है।

# बसंत नगर में बैल पर एसिड डालने से सनातन समाज में भारी आक्रोश

## थानेदार से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर के बसंत नगर वार्ड में मंगलवार 23 सितंबर को दोपहर डेढ़ बजे एक गंभीर और हृदयविदारक घटना सामने आई है। अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक बैल (नंदी) पर एसिड डाल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बैल का तत्काल उपचार कराया गया है। सनातन समाज भानुप्रतापपुर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्र के प्रथम दिन इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है और इससे नगर में गहरा आक्रोश व्याप्त है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बैल को भगवान शिव का वाहन और नंदी का स्वरूप माना जाता है। कृषि समाज में भी बैल किसानों के लिए श्रम-शक्ति और आजीविका का प्रमुख साधन है। पोला जैसे पर्वों पर बैलों की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में इस तरह की क्रूर घटना ने पूरे नगर को विचलित कर दिया है। सनातन समाज परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष गौरव चोपड़ा ने कहा क्षेत्र में इस तरह की यह तीसरी घटना है, जिससे चिंता बढ़ गई हैं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आमजन में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। इस मामले की तस्दीक करने के लिए समाज ने पुलिस को आवेदन दिया है, वहीं अपने स्तर पर भी पहल शुरू किया है। युवाओं को अवगत कराया गया है कि इस बारे में किसी तरह की किसी को जानकारी है, तो अवश्य जानकारी शेयर करें, यहाँ तक समाज ने जानकारी देने वालों को इनाम देने की भी घोषणा किया है।





### समाज ने इनाम की घोषणा की

सनातन समाज ने घोषणा किया है कि यदि कोई व्यक्ति इस घटना में संलिप्त दोषियों की जानकारी देता है, तो उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा उसे 5100 रूपएं का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## विलेज विजनिंग एक्सरसाइज ने विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल गैप की पहचान की

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सात ब्लाकों में 2 तक विविध कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदि कर्मयोगी अभियान जिले के सभी सातों विकासखंडों के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत लाईन विभागों वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए पहल किया जा रहा है।

आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा जिले के सभी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हांकित 552 ग्रामों में मनाया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, आदि सहयोगी, आदि साथी स्वयंसेवी संस्थान के प्रतिनिधि तथा ग्रामवासियों की सहभागिता से ग्राम का भ्रमण कर समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं। ग्राम की जरूरतों पर चर्चा कर विलेज विजनिंग एक्सरसाइज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में क्रिटिकल गैप की पहचान कर सहमति के आधार पर सहभागी रूप से विलेज एक्शन प्लान तथा सामाजिक संसाधन मानचित्र 'आज की स्थिति में व भविष्य के लिये' तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी, जिसमें ग्राम के युवाओं एवं महिलाओं की भी सक्रिय भूमिका होगी। यह कार्यवाही 26 सितंबर तक पूर्ण की जावेगी। गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में प्रत्येक ग्राम में तैयार किये गये विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा एवं अनुमोदन की कार्यवाही किया जाएगा। इस दिन आयोजित विशेष ग्राम सभा में मुख्यमंत्री द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान पर ग्रामों को प्रेषित की जाने वाली पाती का वाचन भी किया जाएगा। साथ ही आदि सहयोगी, आदि साथी एवं ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों को अपने ग्राम को विकसित करने हेतु शपथ दिलाई जाएगी।





आदि सेवा पर्व के दौरान जिले के सभी 552 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जा रही है। सभी छात्रावास-आश्रमों में स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है। साथ ही विकसित भारत एवं आदि कर्मयोगी अभियान पर चित्रकला, निबंध लेखन आदि कार्यक्रम का आयेजन किया जा रहा है। आदि सेवा केन्द्रों में सभी विभागों की शासकीय योजनाओं को दर्शाया जायेगा तथा समस्याओं का निदान, शिकायत निवारण एवं सेवाओं का प्रदाय जैसे-आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, भू-अभिलेख आदि भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर और स्कूल प्रांगण का किया क्रांकटीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम सराधुनवागांव में ग्रामवासियों के सहयोग से पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण और दुर्गा मंदिर प्रांगण का क्रंकटीकरण किया गया है। इस कार्य के लिए ग्रामवासियों ने लगभग 80 हजार रूपएं की राशि खर्च किया और प्रत्येक व्यक्ति ने वार्डवार श्रमदान कर इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। यह पहल गाँव की एकता, सकारात्मक सोच, जन सहयोग, शिक्षा और धर्म के प्रति समर्पण को दर्शाती है। ग्राम विकास समिति के उद्देश्य ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और सामुदायिक निर्माण में महत्वपूर्ण हैं। ग्राम विकास समिति आने वाले दिनों में भी गाँव के हित के लिए काम करेगी। स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना, गाँव में सार्वजनिक शौचालय बनाना, सार्वजनिक स्थानों का रखरखाव, गाँव की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर समिति मिलजुलकर कार्य करेगी। शिक्षा से व्यक्ति का विकास होता है और वह अपने समाज और देश के लिए बेहतर योगदान दे सकता है।

क्रंकटीकरण के उद्देश्य और लाभ यह था की बच्चों को मध्यान भोजन करने में और अन्य गतिविधियों को संचालित करने में कीचड़ की समस्या का समाधान किया गया। ग्राम विकास समिति ने इस कार्य के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम विकास समिति ने निर्णय लिया है कि सभी से समन्वय बनाकर गांव के विकास के लिए आने वाले समय में योजना बनाकर गांव बेहतर बनें, इसके लिए कार्य किया जाएगा।

# 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी में आयुर्वेद दिवस मनाया

**भानुप्रतापपुर।** केवटी स्थित 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रांगण में 10 वाँ आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने भगवान धनवंतरी को दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर 33 वीं वाहिनी के अधिकारीगण, बलकर्मी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय के कर्मी और आसपास के ग्रामवासियों ने भाग लिया। कमाण्डेंट प्रियव्रत शर्मा ने कहा कि इस वर्ष के आयुर्वेद दिवस के विषय मानव और धरती के लिए आयुर्वेद पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दिवस मनाने का मुख्य उद्धेश्य भारत की प्राचीन और प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को बढ़ावा देना है, ताकि इसके वैज्ञानिक और समग्र सिद्धांतों को वैश्विक स्तर पर प्रचारित किया जा सके। इसके साथ ही आयुर्वेद से जुड़ी नवाचारों और कारोबार के नए अवसरों के प्रति जागरूकता भी पैदा की जा सके। उन्होने कहा कि प्राचीन समय में दवाओं का ज्ञान नहीं था, तब आयुर्वेद के माध्यम से ही रोगों का उपचार किया जाता था और इसकी कोई भी दुष्प्रभाव नहीं होता था। उन्होंने सभी उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें और इसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करें। आसपास के गाँवों से आए नागरिकों को आयुर्वेदिक उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर इस अवसर पर 33 वीं वाहिनी डॉ. ब्रिज मोहन साकिया, ग्राम भीरागॉव, हरहरपानी, पटेलबारा, केवटी और पेंड्रापानी से नागरिकों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।





# अमर को मुड़पार दखनी का चुना गया पटेल, ग्रामीणों ने जताई खुशी

**सरोना।** जिले के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम मुड़पार दखनी में ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से अपना ग्राम पटेल का चुनाव किया गया। यह निर्णय ग्रामसभा की खुली बैठक में लिया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्राम पटेल का पद पूर्व पटेल के निधन के बाद रिक्त हो गया था। पद रिक्त रहने के बाद ग्रामीणों और ग्राम पंचायत ने नियमों के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रिक्त की पूर्ति की प्रक्रिया शुरू कराई थी। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर को ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के बाद नायब तहसीलदार सरोना ने 11 अगस्त को ईश्तहार जारी किया। इसमें इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितम्बर तय की गई थी। इस दौरान ग्राम के चार व्यक्तियों ने पटेल पद के लिए अपनी इच्छा जताई थी, लेकिन आपसी सहमति और सामाजिक समन्वय के चलते अन्य तीन उम्मीदवारों ने अपना नाम वापिस ले लिया। इसके बाद ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से अमरसिंह कुमेटी के नाम पर सहमति जताई और उन्हें निर्विरोध ग्राम पटेल चुना गया। ग्रामीणों ने अमरसिंह कुमेटी के निर्विरोध चयन को गांव की एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल बताया। सभी ने उम्मीद जताई कि नए ग्राम पटेल के नेतृत्व में गांव के सामाजिक और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहेगी। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से लिए गए इस फैसले के बाद पूरे गांव में खुशी का माहौल है। बैठक में ग्राम सरपंच गंगाराम शोरी, ग्रामसभा अध्यक्ष शिवचरण जुर्री, उपसरपंच राजकुमार कश्यप, वरिष्ठ ग्रामीण रामचंद मंडावी, गैंद राम रामटेके, राजेंद्र मंडावी, सुरेश निषाद, वीरेंद्र जैन, दशरथ मरकाम, कमल ध्रुवा, लक्ष्मीनाथ कश्यप, मोहन यादव, समारु वट्टी, पृथ्वी लाल रामटेके, अजीत मंडावी, अशोक नेताम, श्यामसिंह कोडोपी, सुमत निषाद, देशी निषाद, फत्तेसिंह सरोज, संतोष नागराज, छबि खिलाड़ी, गोविन्द वट्टी, दया बघेल, अमृता नेताम, पार्वती कौशल, सुनीता मंडावी, मोतिन मंडावी, योगेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



### मानसगान और डीजे डांस सराधुनवागांव में

**चारामा।** श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति सराधुनवागांव के तत्वधान में नवरात्र के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मेलन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 से 29 सितम्बर तक किया जा रहा हैं एवं दशहरा के अवसर पर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा हैं।

# भाजपा ने बाजारों में जीएसटी कटौती के फायदा गिनाए

**भानुप्रतापपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 सितंबर से 18 प्रतिशत एवं 5 प्रतिशत जीएसटी को शून्य (जीरो) किए जाने के निर्णय पर भानुप्रतापपुर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, सरपंच भैंसाकन्हार रमल सिंह कोर्राम ने बाजार-बाजार जाकर दुकानदारों व ग्राहकों को जीएसटी कम होने से होने वाले प्रत्यक्ष लाभों की जानकारी दी। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे अब लोगों को आवश्यक वस्तुएं और भी सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर जीएसटी जिला सहसंयोजक संकेत नसीने, नरोत्तम सिंह चौहान, कुंदन साहू, राममिलन साहू, बंटी सचदेव, मो. रिजवान कुरैशी सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# चारामा के टीकम को मिला राष्ट्रीय यूथ चेंज मेकर अवॉर्ड

**चारामा।** जिले के चारामा निवासी टीकम तारम ने एक बार फिर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हरियाणा के करनाल में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यूथ चेंज मेकर राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इंग्लैंड से उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ। यह आयोजन अखिल भारतीय संस्था निफा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता सहित जापान, इंग्लैंड और मॉरीशस से आए अतिथियों ने टीकम तारम को सम्मानित किया। टीकम तारम पिछले आठ वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। अब तक 36 बार रक्तदान किया है और उनकी संस्था जयहिंद रक्तदान सेवा समिति के माध्यम से हजारों जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया गया है।

दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाना, लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करना और युवाओं को समाजसेवा से जोड़ना उनके कार्यों का अहम हिस्सा रहा है। कांकेर ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ को गर्व की अनुभूति हुई है।



(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र व्दारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
यूरोलॉजी विभाग
- किडनी एवं पेशाब की थैली, अंडकोष एवं प्रोस्टेट कैंसर
- किडनी स्टोन का ईलाज (लेजर/ऑपरेशन द्वारा)
- प्रोस्टेट सर्जरी (दूरबीन एवं ऑपरेशन द्वारा)
- यूरेथ्रोप्लास्टी • किडनी इन्फेक्शन
- लिंग में तनाव की कमी (Erectile Dysfunction)
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
डॉ. संदीप अग्रवाल
MS,DNB ( Uro Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737